मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन 15 अगस्त, 2025

मुक्त विश्वविद्यालय में कुलपति ने किया ध्वजारोहण

ध्वजारोहण करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने ध्वजारोहण किया।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा योग एवं शांति पाठ के साथ वृक्षारोपण डॉ0 बाबा साहेब भीम राव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का भी आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

नागरिको के संपूर्ण समर्पण से ही देश महान बनता है : प्रोफेसर सत्यकाम

माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार 15 अगस्त 2025 को 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज स्वाधीनता आंदोलन का केंद्र बिंदु रहा है। यहां चंद्रशेखर आजाद जैसे वीर अंग्रेजों से लड़ते–लड़ते शहीद हुए। हमें गर्व है कि आज हम उसी पवित्र प्रयागराज की भूमि पर खड़े हैं। यहां का नैनी जेल आजादी के मतवाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का मंदिर होता था।

प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने जेल में बंद सजायाफ्ता कैदियों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान करने का बहुत अच्छा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना इसी उद्देश्य को लेकर हुई थी कि वंचित वर्ग के लोग यहां से शिक्षा प्राप्त कर सकें। आज प्रत्येक राज्य में एक मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित है।

विद्यार्थी हमारे अराध्य हैं –प्रोफेसर सत्यकाम

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी हमारे अराध्य हैं। विद्यार्थियों की सेवा का भाव हमारे अंदर विद्यमान होना चाहिए। कभी ऐसा न हो कि विद्यार्थी आपके पटल पर खड़ा हो और पटल पर जिसको सेवा देनी है वह सेवा देने वाला न हो। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय में कार्य करना सेवा भाव है और हम सब सेवा कर रहे हैं। उन्होंने संविदा तथा एजेंसी के कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके हर कार्य में कर्तव्यनिष्ठा की भावना परिलक्षित होती है।

विश्वविद्यालय परिवार के लिए सेवाभाव सर्वोपरि– कुलपति

उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों का आह्वान किया कि विश्वविद्यालय की बेहतरीन के लिए वह उनसे लगातार संवाद स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय हमेशा मूल्यवान विचारों से आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से कहा कि विश्वविद्यालय को श्रेष्ठता दिलाने में प्रत्येक शिक्षक को देश के प्रतिष्ठित जर्नल में शोध पत्र अवश्य प्रकाशित करवाना चाहिए। ऐसे शिक्षकों को विश्वविद्यालय समय–समय पर पुरस्कृत एवं एवं सम्मानित करेगा।

राष्ट्र सेवा के प्रति नागरिको के संपूर्ण समर्पण से ही देश महान बनता है। राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए हमें अपने कर्तव्यों का पालन पूरी कर्त्तव्य निष्ठा से करना चाहिए जिससे भारत विकसित राष्ट्र के रुप में वैश्विक पटल पर अपनी पहचान सर्वोत्तम रुप में प्रतिस्थापित कर सके। इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देश के लाखों अनाम महान योद्धाओं के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मैं अपने परिवार तथा विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से सभी सम्मानित देशवासियों को सपरिवार स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

मुक्त विश्वविद्यालय में योग शान्ति पाठ

इस अवसर पर योग विशेषज्ञ श्री अमित सिंह ने शान्ति पाठ एवं योगाभ्यास कराया।

आन्तरिक ऊर्जा का स्रोत : योग–प्रोफेसर सत्यकाम

माननीय कुलपति प्रोफेसर सात्यकाम जी के साथ विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

मुक्त विश्वविद्यालय में वृक्षा रोपण

पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम जन चेतना : प्रोफेसर सत्यकाम

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सभी मालियों के साथ मिलकर रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

मुक्त विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊचा रहे हमारा

स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के नेतृत्व में शांतिपुरम फाफामऊ क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण जोशीले नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

मुक्त विश्वविद्यालय में अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण

स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने भारतरत्न संविधान विशेषज्ञ बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त की। डॉ अंबेडकर को विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।